फूड प्रोसेसिंग का गढ़ बना यूपी, 15 फूड पार्क और चार एक्सपोर्ट जोन

लखनऊ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में यूपी बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए एमओयू के धरातल उतरने के साथ उनका स्वरूप भी सामने आ रहा है। 15 एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क व क्लस्टर और मेगा फूड पार्क के साथ ही चार एग्री एक्सपोर्ट जोन व 10 इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) का विकास तेजी से हो रहा है।

1,483 में से 980 निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा जा रहा

वाराणसी, बाराबंकी, बरेली, सहारनपुर और गोरखपुर जैसे शहरों में बन रहे 15 एग्रो व खाद्य प्रसंस्करण पार्कों में इकाइयों की स्थापना से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। कानपुर देहात, लखनऊ, सीतापुर और मथुरा के एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर के जरिये 16 हजार से ज्यादा किसानों को सीधा फायदा पहुंचेगा। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में खाद्य-प्रसंस्करण सेक्टर में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में उद्यम लगाने के लिए 81,309 करोड़ रुपये के 1,483 निवेश प्रस्ताव मिले थे। इनसे 2.94 लाख रोजगार पैदा होंगे। अब तक 55,815 करोड़ रुपये के 980 प्रस्तावों को जमीन पर उतारा जा रहा है, जिनसे दो लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यूपी 15 एग्रो व फूड प्रोसेसिंग पार्क, क्लस्टर और मेगा फूड पार्क के साथ ही चार एग्री एक्सपोर्ट जोन व 10 आईसीडी के विकास, स्थापना व संचालन से देश में खाद्य-प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र बन कर उभर रहा है। ब्यूरो